# श्रीबुध ग्रह मंत्र साधना



ज्योतिषग्रन्थों में लिखा है– जो लोग पुराणों की कथा सुनते हैं, इष्टदेव की आराधना करते हैं, भगवान् के नाम का जप करते हैं, तीर्थों में स्नान करते हैं, किसी को पीड़ा नहीं पहुंचाते हैं, सबका भला करते हैं, सदाचार की मर्यादा का उल्लंघन नहीं करते तथा शुद्ध हृदय से अपना जीवन व्यतीत

करते हैं, उन पर अनिष्ट ग्रहों का प्रभाव कम होता है। अर्थात्– नो कुर्वन्ति कदाचिदेव पुरुषस्यैवं ग्रहाः पीडनम्।

स्कन्दपुराण में यहां तक लिखा है– देवता, दानव, गंधर्व, यक्ष, राक्षस और किन्नरादि भी ग्रहों की पीड़ा से मुक्त नहीं हो सकते। शनैश्चर के प्रकोप से राजा सौदास को अखाद्य भक्षण करना पड़ा। राहु से पीड़ीत होने पर राजा नल पृथ्वी पर भटकते फिरे। मंगलदोष से भगवान् राम को राज्य से वंचित होना पड़ा। अष्टम चन्द्रमा के दोष से हिरण्यकशिपु की मृत्यु हुई। सप्तमस्थ सूर्य के दोष से रावण मारा गया। जन्मस्थान स्थित बृहस्पति के दोष से दुर्योधन मारा गया। बुध की पीड़ा में पाण्डवों को दासवृत्ति प्राप्त हुई। षष्ठस्थान स्थित शुक्र के दोष से युद्ध में हिरण्याक्ष मारा गया। इसी प्रकार अन्य पराक्रमी जनों को असहनीय दुःख प्राप्त हुआ। नवग्रहों ने अपना महान पद, प्रतिष्ठा एवं पूजन का अधिकार कठोर तपस्या के फलसे प्राप्त किया है। अतः इष्टदेव की आराधनाके साथ जन्मकुण्डलीमें अशुभ फल देने वाले ग्रहोंका भी गुरु आज्ञासे पूजन और सत्कार करना चाहिये। जिससे दुःख कलेश शीघ्र समाप्त होते हैं।

भाग्यका ह्रास होने पर ही मनुष्यकी सम्पदाओंका विनाश होता है, न कि उपभोग करने से। पूर्वजन्ममें यदि पुण्य अर्जित है तो सम्पत्तिका नाश कभी नहीं हो सकता। ब्राह्मणोंका आभूषण विद्या, पृथिवीका आभूषण राजा,

आकाशका आभूषण चन्द्र एवं समस्त चराचर का आभूषण नैतिक आचरण है। जो मधुर पदार्थोंसे बालकको, विनम्रभावसे सज्जनपुरुषको, धनसे स्त्रीको, तपस्यासे देवताको और सद्व्यवहारसे समस्त लोकको अपने वशमें कर लेता है, वही विद्वान है।

**श्रीबुधग्रह परिचय–** जातक की वाणी, बुद्धि, स्मरणशक्ति, विद्या, गणित, उपासना, वक्ता, व्यवहारकुशलता, वाणिज्य, व्यापार, तर्कशास्त्र, लेखन, मामा, बहन, मित्र, यज्ञ, श्रेष्ठज्ञान, श्रेष्ठ शिक्षा, नपुंसकत्व, वाणीदोष, तुतलाना, हकलाना, मानसिक कष्ट, निद्रानाश, चक्कर आना, आंतोंके रोग, नाक, कान, त्वचा, जींभ, नसों आदिके रोग बुधग्रह द्वारा देखे जाते हैं। ज्योतिषशास्त्रमें बुधग्रह को कालपुरुष की वाणी कहा गया है। इलायची, तुलसी, पालक, हरा सीताफल, मूंग की दाल साबुत, हरी सब्जी, हरे फल, धनिया, सौंफ, मेथी आदि बुधसे सम्बन्धित खाद्य पदार्थ, रत्न पन्ना और अंगुली कनिष्ठिका है। बुधवार को गणेश अथवा दुर्गा की पूजा करनेसे बुध का अशुभत्व शांत होता है। बुधवार गाय को हरा चारा या हरी सब्जी अर्पित करनेसे बुधग्रह प्रसन्न होते हैं। यदि बुधवार में पिंजरेमें कैद तोते मिल जाये तो उन्हें आजाद करवा देने से बुध ग्रह शुभ फल देते हैं। विशेषतः किन्नर लोगोंका सदैव सम्मान करे और अपमान कभी भी किसी का भी न करे।

सप्ताक्षरमंत्र– ‘ॐ बुं बुधाय नमः।’ इस मंत्र के ऋषि ब्रह्मा। छन्द पंक्ति। देवता बुध। बीज बं। शक्ति आपः है।

ध्यानम्– वन्दे बुधं सदा देवं पीताम्बर सुभूषणम्। जानुस्थ वामहस्ताढ्यं सभयेतर पाणिकम।।

षडंगन्यास– बां हृदयाय नमः। बीं शिरसे स्वाहा। बूं शिखायै वषट्। बैं कवचाय हुं। बौं नेत्रत्रयाय वौषट्। बः अस्त्राय फट्।

दशाक्षरमंत्र– ‘ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः।’

बुध गायत्री– ‘ॐ सौम्यरूपाय विद्महे बाणेशाय धीमहि तन्नौ बुधः प्रचोदयात्।’

---

श्रीबुध कवचम्– विनियोगः– अस्य श्रीबुध कवच स्तोत्र मंत्रस्य कश्यप ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, श्रीबुधो देवता, बुधपीड़ा शमनार्थ जपे विनियोगः।

**कवचम्–** बुधस्तु पुस्तकधरः कुंकुमस्य समद्युतिः। पीताम्बरधरः पातु पीतमाल्यानुलेपनः।।

कटिं च पातु मे सौम्यः शिरोदेशं बुधस्तथा। नेत्रे ज्ञानमयः पातु श्रोते पातु निशाप्रियः।।

घ्राणं गंधप्रियः पातु जिह्वां विद्याप्रदो मम। कण्ठं पातु विधोः पुत्रो भुजा पुस्तकभूषणः।।

वक्षः पातु वरांगश्च हृदयं रोहिणीसुतः। नाभिं पातु सुराराध्यो मध्यं पातु खगेश्वरः।।

जानुनी रोहिणेयंच पातु जंघेखिलप्रदः। पादौ मे बोधनः पातु पातु सौम्योखिलं वपुः।।

एतद्धि कवचं दिव्यं सर्वपापप्रणाशनम्। सर्वरोगप्रशमनं सर्वदुःख निवारणम्।।

आयुरारोग्य धनदे पुत्रपौत्रप्रवर्धनम्। यः पठेच्छृणुयाद्वापि सर्वत्र विजयी भवेत्।।

---

**श्रीबुध पंचविंशति नामावलि स्तोत्रम्– विनियोगः–** अस्य श्री बुधपंचविंशतिनाम स्तोत्र मंत्रस्य प्रजापतिर्ऋषिः, त्रिष्टुप् छन्दः, श्रीबुधो देवता, बुधपीड़ानिवारणार्थे जपे विनियोगः।

बुधो बुद्धिमतां श्रेष्ठो बुद्धिदाता धनप्रदः। प्रियंग कलिकाश्यामः कंजनेत्रो मनोहरः।।

ग्रहोपमो रौहिंणेयो नक्षत्रेशो दयाकरः। विरुद्धकार्यहन्ता च सौम्यो बुद्धिविवर्धनः।।

चन्द्रात्मजो विष्णुरूपी ज्ञानी ज्ञो ज्ञानिनायकः। ग्रहपीड़ाहरो दारपुत्रधान्यपशुप्रदः।।

लोकप्रियः सौम्यमूर्तिर्गुणदो गुणिवत्सलः। पंचविंशति नामानि बुधस्यै तानि यः पठेत्।।

स्मृत्वा बुधं सदा तस्य पीडाः सर्वा विनश्यति। तद्दिने वा पठेद्यस्तु लभते स मनोंगतम्।।

---

**श्रीबुधशांति स्तोत्रम्–** पीताम्बरः पीतवपुः किरीटी चतुर्भुजो देवदुःखापहर्ता। धर्मस्य धृक् सोमसुतः सदा मे सिंहाधिरूढो वरदो बुधश्च।।

ॐ प्रियंगुकलिकश्यामं रूपेणाप्रतिमं बुधम्। सौम्यं सौम्यगुणोपेतं नमामि शशिनन्दनम्।।

Gurudev Raj Verma
9897507933, 7500292413

सोमसूनुर्बुधश्चैव सौम्यः सौम्यगुणान्वितः। सदा शांतः सदा क्षेमो नमामि शशिनन्दनम्।।

उत्पातरूपी जगतां चन्द्रपुत्रो महाद्युतिः। सूर्यप्रियकरो विद्वान् पीडां हरतु मे बुधः।।

शिरीषपुष्पसंकाशः कपिशीलो युवा पुनः। सोमपुत्रो बुधश्चैव सदा शांतिं प्रयच्छतु।।

श्यामः शिरालश्च कलाविधिज्ञः कौतूहली कोमलवाग्विलासी। रजोधिको मध्यमरूपधृक् स्यादाताम्रनेत्रो द्विजराजपुत्रः।।

अहो चन्द्रसुत श्रीमान् मगधेषु समुद्भवन्। अत्रिगोत्रश्चतुर्बाहुः खड्गखेटकधारकः।।

गदाधरो नृसिंहस्थः स्वर्णनाभ समन्वितः। केतकीद्रुमपत्राभ इन्द्रविष्णुप्रपूजितः।।

ज्ञेयो बुधः पंडितश्च रोहिणेयश्च सोमज। कुमारो राजपुत्रश्च सुसेव्यः शशिनन्दनः।।

गुरुपुत्रश्च तारेयो विबुधो बोधनस्तथा। सौम्यः सौम्यगुणोपेतो रत्नदानफलप्रदः।।

Gurudev Raj Verma
9897507933, 7500292413

एतानि बुधनामानि प्रातःकाले पठेन्नरः। बुद्धिर्विवृद्धितां याति बुधपीडा न जायते।।

---

**श्रीबुध अष्टोत्तरशत नामावलि–** ॐ बुं बुधाय नमः। ॐ बुं बुधार्चिताय नमः। ॐ बुं सौम्याय नमः। ॐ बुं दृढफलाय नमः। ॐ बुं श्रुतिजालप्रबोधकाय नमः। ॐ बुं सत्यवासाय नमः। ॐ बुं सत्यवचसे नमः। ॐ बुं श्रेयसां पतये नमः। ॐ बुं अव्ययाय नमः। ॐ बुं शशिसुताय नमः। ॐ बुं सोमजाय नमः। ॐ बुं सुखदाय नमः। ॐ बुं श्रीमते नमः। ॐ बुं सोमवंशप्रदीपकाय नमः। ॐ बुं वेदविदे नमः। ॐ बुं वेदतत्वज्ञाय नमः। ॐ बुं वेदान्तज्ञानभास्वराय नमः। ॐ बुं विद्याविचक्षणविभवे नमः। ॐ बुं विद्वत्पतिकराय नमः। ॐ बुं ऋजवे नमः। ॐ बुं विश्वानुकूलसंचारिणे नमः। ॐ बुं विशेषविनयान्विताय नमः। ॐ बुं विविधागमसारज्ञाय नमः। ॐ बुं वीर्यवते नमः। ॐ बुं विगतज्वराय नमः। ॐ बुं त्रिवर्गफलदाय नमः। ॐ बुं अनन्ताय नमः। ॐ बुं त्रिदशाधिपपूजिताय नमः। ॐ बुं बुद्धिमते नमः। ॐ बुं बहुशास्त्रज्ञाय नमः। ॐ बुं बलिने नमः। ॐ बुं बंधविमोचनाय नमः। ॐ बुं बोधनाय नमः। ॐ बुं वक्रातिवक्रगमनाय नमः। ॐ बुं वासवाय नमः। ॐ बुं वसुधाधिपाय नमः। ॐ बुं प्रसादवदनाय नमः। ॐ बुं वन्द्याय नमः।

ॐ बुं वरेण्याय नमः। ॐ बुं वाग्–विलक्षणाय नमः। ॐ बुं सत्यवते नमः। ॐ बुं सत्य संधाय नमः। ॐ बुं सत्यसंकल्पाय नमः। ॐ बुं सदाधाराय नमः। ॐ बुं सर्वरोगप्रशमनाय नमः। ॐ बुं सर्वमृत्युनिवारकाय नमः। ॐ बुं वाणिज्य निपुणाय नमः। ॐ बुं वश्याय नमः। ॐ बुं वातांगिने नमः। ॐ बुं वातरोगहृते नमः। ॐ बुं स्थूलाय नमः। ॐ बुं स्थैर्यगुणाध्यक्षाय नमः। ॐ बुं स्थूलसूक्ष्मादिकारणाय नमः। ॐ बुं अप्रकाशाय नमः। ॐ बुं प्रकाशात्मने नमः। ॐ बुं धनाय नमः। ॐ बुं गगनभूषणाय नमः। ॐ बुं विधिस्तुताय नमः। ॐ बुं विशालाक्षाय नमः। ॐ बुं विद्वज्जन मनोहराय नमः। ॐ बुं चारुशीलाय नमः। ॐ बुं स्वप्रकाशाय नमः। ॐ बुं चपलाय नमः। ॐ बुं जितेन्द्रियाय नमः। ॐ बुं उदड्मुखाय नमः। ॐ बुं मखासक्ताय नमः। ॐ बुं मगधाधिपतये नमः। ॐ बुं हरये नमः। ॐ बुं सौम्यवत्सर संजाताय नमः। ॐ बुं सोमप्रियकराय नमः। ॐ बुं सुफलप्रदाय नमः। ॐ बुं सुखिने नमः। ॐ बुं सिंहादिरूढाय नमः। ॐ बुं सर्वज्ञाय नमः। ॐ बुं शिखिवर्णाय नमः। ॐ बुं शिवंकराय नमः। ॐ बुं पीताम्बराय नमः। ॐ बुं पीतवपुषे नमः। ॐ बुं खड्गचर्मधराय नमः। ॐ बुं कार्यकर्त्रे नमः। ॐ बुं कलुषहराय नमः। ॐ बुं आत्रेयगोत्रजाय नमः। ॐ बुं अत्यन्तविनयाय नमः। ॐ बुं विश्वपावनाय नमः। ॐ बुं चाम्पेयपुष्प संकाशाय नमः। ॐ बुं चारणाय नमः। ॐ बुं चारु भूषणाय नमः। ॐ बुं वीतरागाय नमः। ॐ बुं

वीतभयाय नमः। ॐ बुं विशुद्धाय नमः। ॐ बुं कनकप्रभाय नमः। ॐ बुं बंधुप्रियाय नमः। ॐ बुं बंधमुक्ताय नमः। ॐ बुं बाणमण्डल संश्रिताय नमः। ॐ बुं अर्केशान निवासस्थाय नमः। ॐ बुं तर्कशास्त्र विशारदाय नमः। ॐ बुं प्रशान्ताय नमः। ॐ बुं प्रीतिसंयुक्ताय नमः। ॐ बुं प्रियकृते नमः। ॐ बुं प्रियभाषणाय नमः। ॐ बुं मेधाविने नमः। ॐ बुं माधवासक्ताय नमः। ॐ बुं मिथुनाधिपतये नमः। ॐ बुं सुधिये नमः। ॐ बुं कन्या राशिप्रियाय नमः। ॐ बुं कामप्रदाय नमः। ॐ बुं धनफलाशाय नमः। ॐ बुं रोहिणेयाय नमः।

---

**Gurudev Raj Verma**

**Mob- +91-9897507933  +91-7500292413**

**Website- mahakalshakti.wordpress.com**

**Website- www.scribd.com/mahakalshakti**

**Email- mahakalshakti@gmail.com**